जोधपुर में होगा राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का राज्यस्तरीय आयोजन

चर्चा में क्यों?

- 20 सितंबर, 2023 को राजस्थान खेल विभाग के शासन सचिव नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि राज्यस्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन आगामी 25 से 28 सितंबर तक जोधपुर ज़िले में होना प्रस्तावित है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य स्तर पर कुल 50 ज़िलों में इस खेल में 11 वर्गों (कबड्डी, शूटिंग, वालीबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, खो-खो, फुटबॉल, रस्सा-कशी, एथलेटिक्स-100 मीटर, एथलेटिक्स-200 मीटर, एथलेटिक्स- 400 मीटर एवं बास्केटबॉल) में ग्रामीण एवं शहरी दोनों स्तर से कुल 7 हज़ार 556 खिलाड़ियों को चुना गया है, जिनमें 4 हज़ार 91 महिला वर्ग से एवं 3 हज़ार 565 पुरुष वर्ग से हैं।
- इन खेलों का इसके पूर्व 5 से 10 अगस्त तक ग्रामीण एवं पंचायत स्तर पर, 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक स्तर पर एवं 1 से 6 सितंबर तक ज़िला स्तर पर सफल आयोजन हो चुका है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा वर्ष 2023-2024 की अनुपालना में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिये 150 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-state-level-organisation-of-rajiv-gandhi-rural-and-urban-olympic-games-will-be-held-in-jodhpur